सुविचार



अब तक की सबसे बड़ी खोज यह है कि व्यक्ति महज अपना दृष्टिकोण बदल कर अपना भविष्य बदल सकता है।
- स्वामी विवेकानंद

# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली के प्रमुख समाचार
- पत्नी की हत्या के इरादे से फिर गांव फिर गांव पहुंचा था अफसर-II
- बरेली नंबर वन : 74 किशोरियों को लगी वैक्सीन -III
- खेलों से छात्रों में होता अनुशासन का विकास -IV

बरेली, बुधवार, 18 मार्च 2026




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| बुधवार शाम | गुरुवार सुबह |
| सुन्नी : 6:26 | सुन्नी : 4:57 |
| शिया : 6:34 | शिया : 4:47 |

## कालीबाड़ी में बुलडोजर कार्रवाई से हंगामा, लौटी टीम

### अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान गरीबों से वसूली और रसूखदारों को अभयदान देने का आरोप लगाकर जताया विरोध

- पार्षद जयप्रकाश राजपूत ने भी नगर निगम टीम पर लगाए गंभीर आरोप
- हंगामे और विरोध के बीच नगर निगम टीम ने 38 हजार का जुर्माना वसूला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को उस समय विवाद की भेंट चढ़ गया, जब टीम ने कालीबाड़ी मंदिर के समीप नालों पर बनी दुकानों पर बुलडोजर चलाने की कोशिश की तो वहां मौजूद लोगों में खलबली मच गई। देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गई। आरोप है टीम ने बिना किसी ठोस आधार के, मंदिर किनारे चाय-समोसा और फूल-प्रसाद बेचकर गुजर-बसर करने वालों को निशाना बनाया। दहशत का माहौल पैदा कर आनन-फानन में पांच-पांच हजार रुपये तक के जुर्माने की रसीदें काट दी गईं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने टीम पर ''वसूली'' के खुले आरोप लगाए। मौके से करीब 38 हजार का जुर्माना वसूला गया। वहीं, कुछ देर बाद बाद ही भारी विरोध के बीच टीम को वापस लौटना पड़ा।



अभियान के दौरान सामान जब्त करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

कालीबाड़ी रोड पर मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। जैसे ही प्रवर्तन दल की मौजूदगी में कालीबाड़ी मंदिर के पास रोड किनार दुकानों पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू हुई तो अफरा-तफरी मची गई। मंदिर के आसपास रोड किनारे फड़ और खोखे लगाकर बैठे लोगों ने कहा कि दो दिन बाद नवरात्र शुरू हो रहे है, ऐसे में अगर दुकानें हटा लेंगे तो रोजगार प्रभावित होगा, लेकिन प्रवर्तन दल की टीम के किसी की नहीं सुनी। कई लोगों का सामान जब्त कर लिया। इसको लेकर जब विरोध शुरू हुआ तो सूचना पर क्षेत्रीय पार्षद के नहीं पहुंचे पर वार्ड 64 के पार्षद जयप्रकाश राजपूत मौके पर पहुंचे। पार्षद ने जैसे ही नगर निगम की इस कार्रवाई का फेसबुक लाइव शुरू किया तो टीम के हाथ-पांव फूल गए। लाइव कैमरे की जद में आने के डर से अभियान का नेतृत्व कर रहे नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश ने अपनी टीम को तुरंत पीछे हटने का इशारा किया। स्थिति इतनी हास्यास्पद हो गई कि निगम की टीम अपनी गाड़ियां लेकर श्यामगंज चौकी की तरफ भागती नजर आई और पार्षद जयप्रकाश राजपूत हाथ में मोबाइल कैमरा लेकर उनके पीछे दौड़ते दिखे।

इधर, इस पूरे घटनाक्रम ने निगम के भ्रष्टाचार मुक्त दावों की पोल भी खोलकर रख दी। मौके पर मौजूद लोगों ने स्पष्ट आरोप लगाया टीम ने कुछ खास लोगों को जानबूझकर छोड़ दिया, जबकि गरीब तबके पर जुर्माने का चाबुक चलाया गया। चेतावनी दी यदि इसी तरह एकतरफा और भेदभावपूर्ण कार्रवाई जारी रही, तो वे सड़क पर उतरकर नगर निगम के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेंगे। नगर निगम ने इस 'भागम-भाग' वाली कार्रवाई ने शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

### नगर निगम की 'दोहरी नीति' पर भड़के निर्दलीय पार्षद

निर्दलीय पार्षद जयप्रकाश राजपूत ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि निगम के अधिकारी सत्ता संरक्षित रसूखदारों और पूंजीपतियों के अतिक्रमण पर आंखें मूंद लेते हैं, जबकि गरीब पल्लेदारों और छोटे दुकानदारों पर बुलडोजर चलाकर उनकी रोजी-रोटी छीन रहे हैं। राजपूत ने आरोप लगाया कि कई गरीबों के रिक्शे तक तोड़ दिए गए हैं। स्पष्ट कहा कि इस पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अधिकारियों की शिकायत करेंगे।



निर्दलीय पार्षद जयप्रकाश राजपूत।

## नगर निगम का 25 को पेश होगा एक हजार करोड़ से अधिक का बजट

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक आगामी 25 मार्च को आयोजित होगी। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का भारी-भरकम बजट पेश किया जाएगा। इस बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को रफ्तार देने और साफ-सफाई की व्यवस्था को आधुनिक बनाने पर मुख्य ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

बजट में जल निकासी, सड़कों के निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए बड़ी धनराशि आवंटित होने की संभावना है। मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त की मौजूदगी में होने वाली इस बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों से विकास कार्यों के साथ-साथ आय के स्रोतों को बढ़ाने के प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी। बजट पास होने के बाद शहर में कई रुकी हुई विकास योजनाओं को पंख मिलने की उम्मीद है।

## सिटी ब्रीफ

### डिस्टेंस व ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 24 मार्च

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश को ऑनलाइन आवेदन 24 मार्च तक आमंत्रित किए गए हैं। इनमें एमए (अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र), एमकॉम, एमएससी (गणित), बीए, बीकॉम, एमएसडब्ल्यू, एमबीए (मार्केटिंग) और पत्रकारिता व जनसंचार में पीजी डिप्लोमा शामिल हैं।

### बीएड और बीपीएड पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म ऑनलाइन शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित बीएड, बीपीएड, एमएड एवं बीएलएड पाठ्यक्रमों के संस्थागत एवं भूतपूर्व छात्र परीक्षा वर्ष 2026 के आवेदन पत्र 25 मार्च तक परीक्षा फॉर्म भरकर निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है, जबकि महाविद्यालयों की ओर से ऑनलाइन अनुमोदन 30 मार्च तक किया जाएगा।।

### परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

**बरेली, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम), परास्नातक (एमए, एमएससी, एमकॉम) द्वितीय वर्ष एवं विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पहले तिथि 10 मार्च निर्धारित थी, जिसे अब छात्रहित में विस्तारित करते हुए संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी 25 मार्च तक फार्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं।

## शहर में आज

- श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी रजि द्वारा दो दिवसीय तृतीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन द कुबेर होटल कर्मचारी नगर में सुबह 11 बजे।
- रोटरी क्लब ऑफ बरेली की ओर से महिला दिवस समारोह डांस हाल बरेली क्लब में रात में 8 :30 बजे।
- विकास भवन सभागार में किसान दिवस पर बैठक दोपहर 12 बजे।
- जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्री नर्सरी के विद्यार्थियों का प्रथम प्रोन्नति समारोह नैनीताल रोड सुबह 9 :30 बजे।
- मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में नव संवत्सर स्वागत समारोह एवं भजन संध्या क्लब बिहारीपुर कहरवान स्थित कार्यालय सभागार में शाम 5 बजे।

## जीएसटी : बढ़ा राजस्व, बरेली ने एक माह में प्रदेश को दिए 166.8 करोड़

- उत्तर प्रदेश को फरवरी माह में मिला 7456 करोड़ का राजस्व
- राज्य में व्यापारिक गतिविधियों और कर संग्रह में लगातार बढ़ोत्तरी

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

**अमृत विचार :** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत राज्यों को मिलने वाले राजस्व के नए आंकड़ों में उत्तर प्रदेश को फरवरी माह में 7456 करोड़ रुपये का एसजीएसटी प्राप्त हुआ है। जो फरवरी 2025 के 6892 करोड़ रुपये के मुकाबले करीब आठ प्रतिशत अधिक है। इसमें बरेली जिले ने अकेले एक माह में 166.8 करोड़ रुपये दिये हैं।

जारी आंकड़ों के अनुसार प्री-सेटलमेंट एसजीएसटी के रूप में उत्तर प्रदेश को फरवरी 2025 में 2732 करोड़ रुपये मिले थे, जो फरवरी 2026 में बढ़कर 2863 करोड़ रुपये हो गए। इसमें लगभग पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। आईजीएसटी के सेटलमेंट के बाद मिलने वाली राशि में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। कर विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है। ई-वे बिल की निगरानी और कर अनुपालन में सुधार से राजस्व भी बढ़ा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक शहरों में शामिल बरेली का भी इसमें अहम योगदान माना जा रहा है।

बरेली मंडल में लकड़ी, फर्नीचर, खाद्यान्न, प्लास्टिक उत्पाद, परचून और ई-कॉमर्स कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। जिससे जीएसटी संग्रह में मजबूती आई है।

> जीएसटी व्यवस्था के स्थिर होने के बाद व्यापारियों में अनुपालन की प्रवृत्ति बढ़ी है। बरेली जैसे बड़े व्यापारिक केंद्रों से कर संग्रह में लगातार सुधार हो रहा है, जिसका सकारात्मक असर राज्य के कुल राजस्व पर पड़ रहा है। -**पुनीत श्रीवास्तव**, सांख्यिकी अधिकारी

व्यापारियों के अनुसार डिजिटल बिलिंग और जीएसटी पोर्टल के बेहतर इस्तेमाल से कर भुगतान की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित हुई है। इससे सरकार को राजस्व संग्रह में मदद मिल रही है और राज्यों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसी तरह व्यापारिक गतिविधियों में बढ़ोतरी जारी रही तो आने वाले महीनों में उत्तर प्रदेश के जीएसटी संग्रह में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

## टैक्स वसूली पर जोर, 31 मार्च तक अवकाश पर रोक

**बरेली, अमृत विचार:** नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले राजस्व वसूली का लक्ष्य हासिल करने को सख्त रुख अपनाया है। जारी आदेश के अनुसार अब प्रतिदिन, अवकाश सहित, मुख्यालय और सभी जोन के कैश काउंटर शाम 4 बजे तक खुले रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक कर वसूली सुनिश्चित की जा सके।

इसके बाद संपत्ति कर विभाग के दैनिक लंबित कार्यों का निस्तारण किया जाएगा और कार्यालय शाम 7 बजे के बाद ही बंद होंगे। स्पष्ट किया कि 31 मार्च 2026 तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। छुट्टियों के दिनों में भी टैक्स विभाग संचालित रहेगा और वसूली कार्य जारी रखा जाएगा।


## अतिक्रमण हटाने को लेकर पुलिस और दुकानदारों में कहा-सुनी, बाजार बंद

- आजम नगर की घटना, पुलिस से मारपीट की उड़ी अफवाह
- एसपी सिटी समेत फोर्स पहुंची बाजार बंद होने से छाया सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर मंगलवार को देर शाम दुकानदार और पुलिस कर्मियों में कहा-सुनी हो गई। पुलिस से मारपीट की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ एसपी सिटी भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन कोतवाल पुलिस से मारपीट की बात को नकार रहे हैं।

ईद का त्योहार नजदीक है। ऐसे में रोजा इफ्तार के बाद देर रात तक मुस्लिम इलाकों में खरीदारी से लेकर खान-पान की रौनक रहती है। शहर कोतवाली क्षेत्र के आजम नगर में सड़क किनारे लगने वाली जूता चप्पल की दुकान और होटल पर भीड़ होने के चलते सड़क पर यातायात प्रभावित हो रहा था। यातायात सामान्य करने के लिए घंटाघर चौकी इंचार्ज सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। दुकानदार और पुलिस कर्मियों में कासुनी हो गई, लेकिन किसी ने पुलिस से मारपीट की अफवाह फैला दी। इसके बाद कोतवाली इंस्पेक्टर और प्रेम नगर पुलिस के साथ एसपी सिटी मानुष पारिक मौके पर पहुंच गए। हंगामा होने की सूचना पर आजमनगर क्षेत्र का पूरा बाजार बंद हो गया। , कोतवाली पुलिस का कहना है कि अतिक्रमण हटाने को लेकर कुछ कहासुनी हुई थी मारपीट की बात गलत है। बाजार बंद होने से रात 11:00 बजे आजमनगर क्षेत्र में सन्नाटा छा गया और पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया।



आजम नगर में हंगामे के बाद तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

## खस्ताहाल शरणालय में 120 महिलाओं की जान का खतरा

- नगर निगम ने दिए राजकीय महिला शरणालय खाली करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हजियापुर में बने राजकीय महिला शरणालय की जर्जर हालत पर नगर निगम के अधिशासी अभियंता राजीव राठी ने शरणालय की संस्थाध्यक्ष को पत्र लिखकर कड़ी चिंता जताई है। इसे खाली कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बीते दिनों राजकीय महिला शरणालय के निरीक्षण के दौरान शौचालय, रसोईघर और हॉल में सीलन, लीकेज और दरारें पाई गईं, वहीं पानी की टंकियां भी क्षतिग्रस्त हालत में मिलीं। यहां रह रहीं करीब 120 मानसिक रूप से अस्वस्थ महिलाओं की सुरक्षा पर सीधा खतरा मंडरा रहा है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पत्र में कहा गया है कि इस गंभीर स्थिति को लेकर पहले भी कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराया जा चुका है।अधिशासी अभियंता ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें जल्द से जल्द किसी सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे तत्काल आवश्यक कार्रवाई करें, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके।

## एपीओ प्रारंभिक परीक्षा 22 मार्च को

**बरेली, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक अभियोजन अधिकारी (प्रा.) परीक्षा-2025 22 मार्च को जनपद के 24 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे ने बताया कि परीक्षा सुबह 09:30 से 11:30 बजे तक संपन्न होगी। शासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। यदि किसी कारणवश विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है या कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती है, तो अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र को ही 'कर्फ्यू पास' के रूप में मान्यता दी जाएगी। इससे परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचने में कोई बाधा नहीं आएगी।

### भक्ति के उल्लास में झूमे श्रद्धालु



मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री गणेश उत्सव सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के समापन के बाद मंगलवार को विधिवत यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव से यज्ञ में सहभागिता की। कार्यक्रम में राजू खंडेलवाल, सुनील गुप्ता, कैलाश, अनुराग, अजय, अभिषेक, निरंकार, सत्य प्रकाश, अरुण, आलोक, रवि मौजूद रहे।

## बिना फिटनेस दौड़ीं स्कूल बसें तो रद्द होगी स्कूल की मान्यता

**बरेली, अमृत विचार:** अलीगढ़ और आगरा में हुई दर्दनाक स्कूली बस दुर्घटनाओं ने परिवहन विभाग को झकझोर कर रख दिया है। आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंडल के सभी स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि यदि जांच में स्कूली वाहन बिना फिटनेस, अपूर्ण प्रपत्रों या खराब स्थिति में सड़क पर दौड़ता पाया गया, तो न केवल उस वाहन का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाएगा, बल्कि संबंधित विद्यालय की मान्यता निरस्त करने की सिफारिश भी शिक्षा विभाग से की जाएगी।

**उपलब्धि** | शासन से आधारभूत ढांचे के जीर्णोद्धार के लिए भी मिलेंगे 1 .5 करोड़ रुपये

## बरेली कॉलेज में शोधपीठ स्थापना को 5 करोड़ मंजूर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उच्च शिक्षण संस्थानों में भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने के तहत प्रदेश के चयनित संस्थानों में बरेली कॉलेज को भी शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा संवर्द्धन शोधपीठ की स्थापना के लिए कुल 5 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है। यह राशि चरणबद्ध तरीके से मिलेगी। इसकी शुरुआत 2026-27 के सत्र से होगी।

उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रदेश के ऐसे विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों का चयन किया गया है, जिन्होंने 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं और इसके साथ ही छात्र संख्या 7500 से अधिक है। इस योजना के तहत कुल 55 करोड़ रुपये खर्च कर शोधपीठ स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा, आधारभूत संरचना विकास योजना के तहत भी बरेली कॉलेज का चयन हुआ है। इसके अंतर्गत कॉलेज में विभिन्न विकास कार्यों और जीर्णोद्धार के लिए करीब 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी।



- नैक मूल्यांकन को 34 विभागों की रिपोर्ट तैयार, बेहतर परिणाम की उम्मीद

उधर, बरेली कॉलेज में नैक मूल्यांकन को लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। कॉलेज के सभी 34 विभागों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि नैक मूल्यांकन में इस बार बरेली कॉलेज बेहतर प्रदर्शन करेगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि शासन से विभिन्न मदों में धनराशि की मांग की गई थी, जिसमें शोधपीठ के लिए बजट स्वीकृत होने की जानकारी मिली है। शासन के निर्देशों के अनुसार कार्य करते हुए शोधपीठ की स्थापना की जाएगी और आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जाएगा।

### बरेली कॉलेज में महिलाओं के लिए बनेगा फीडिंग सेंटर

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के जर्जर स्पोर्ट्स विभाग का जल्द कायाकल्प होने जा रहा है। इसके लिए डिजाइन भी तैयार कर ली गई है। इसमें महिलाओं की आवश्यकता को देखते हुए स्पोर्ट्स विभाग में ही फीडिंग सेंटर बनाया जाएगा। प्राचार्य प्रो . ओपी राय ने बताया कि महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन की तैयारियां इन दिनों तेजी के साथ अपने अंतिम चरण में है। प्रबंध समिति के सचिव से मिली अनुमति के बाद स्पोर्ट्स विभाग का कायाकल्प किया जाना है। इसके लिए डिजाइन लगभग फाइनल हो गई है। जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा परीक्षा देने के समय कई महिलाएं छोटे बच्चों को साथ में लेकर आती हैं। वहीं, महाविद्यालय में बड़ी संख्या में महिला शिक्षक भी हैं। उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में फीडिंग सेंटर बनाया जाएगा।

## यूपी बोर्ड : कॉपियों का आज से शुरू होगा मूल्यांकन

- हाईस्कूल की 50 और इंटर की 45 कॉपियां प्रतिदिन जांच सकेंगे प्रत्येक शिक्षक
- चार केंद्रों पर कॉपी जांचेंगे एक हजार से अधिक शिक्षक
- मूल्यांकन में दो प्रतिशत गलती मिली तो तीन साल के लिए होंगे डिबार
- दो प्रतिशत की गलती पर कटेगा 85 प्रतिशत वेतन, एक प्रतिशत पर कटेगा 50 प्रतिशत वेतन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बुधवार से जिले के चार केंद्रों पर शुरू होगा। एक हजार से अधिक शिक्षक इस कार्य में लगाए गए हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया एक अप्रैल तक चलेगी।

बोर्ड के निर्देशानुसार एक शिक्षक प्रतिदिन हाईस्कूल की अधिकतम 50 और इंटरमीडिएट की 45 कॉपियां ही जांच सकेगा, ताकि मूल्यांकन की गुणवत्ता बनी रहे।

इस बार मूल्यांकन को लेकर सख्त नियम लागू किए गए हैं। यदि किसी शिक्षक की जांची गई कॉपियों में दो प्रतिशत तक की गलती पाई जाती है तो उसे तीन साल के लिए डिबार कर दिया जाएगा। साथ ही उसके मानदेय में 85 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी। वहीं, एक प्रतिशत गलती मिलने पर 50 प्रतिशत वेतन काटने का प्रावधान किया गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मूल्यांकन केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है और बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि समय के अंदर सही मूल्यांकन कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि समय पर परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।

> शिक्षकों को शासन से आए निर्देश दे दिए गए हैं। तय समय पर मूल्यांकन कराना हमारी प्राथमिकता है। साथ ही शिक्षक हर दिन सीमित कॉपियां ही चेक कर सकेंगे। - **डॉ. अजीत कुमार**, डीआईओएस

### सीबीएसई दसवीं द्वितीय बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित, 18 से शुरू होगी प्रक्रिया

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीएसई ने वर्ष 2026 की कक्षा दसवीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा के लिए आधिकारिक कार्यक्रम जारी कर दिया है, जिससे उन छात्रों को बड़ी राहत मिली है जो अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं। बरेली की सिटी कोऑर्डिनेटर ममता सक्सेना के अनुसार, मई 2026 में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में छात्र अधिकतम तीन विषयों में अंक सुधार (इंप्रूवमेंट) के लिए उपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए 'लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स' जमा करने की प्रक्रिया 18 मार्च से 31 मार्च तक ऑनलाइन संचालित की जाएगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि एलओसी भरने के अगले ही दिन परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इच्छुक छात्रों का विवरण समय रहते पोर्टल पर अपलोड कर दें ताकि परीक्षा प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूरी हो सके।

# दुस्साहस : पत्नी की हत्या के इरादे से फिर गांव पहुंचा था अफसर

## सूचना मिलते ही आनन-फानन गांव और अस्पताल में बढ़ाई गई सुरक्षा, पुलिस टीमों ने आरोपी की घेराबंदी की तो हो गया था फरार

- पुलिस घेराबंदी तोड़ने को अफसर ने पिस्टल से कर दी थी ताबड़तोड़ फायरिंग
- पुलिस को मौके से 10 खोखा कारतूस, पिस्टल और हत्या में प्रयुक्त चाकू मिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पारिवारिक पंचायत के दौरान सास और साले की हत्या करने तथा पत्नी को गंभीर रूप से घायल करने का आरोपी अफसर रात में ही फिर गांव पहुंच गया और तमंचा लहराता उसका इरादा जीवित बची पत्नी की हत्या करना था। पुलिस अफसरों को जानकारी हुई तो आनन-फानन गांव और अस्पताल में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। इसके साथ ही आरोपी की तलाश में जुटीं पुलिस टीमें सक्रिय हुईं और घेरने में सफल रहीं। पुलिस घेराबंदी को तोड़ने के लिए अफसर की ताबड़तोड़ फायरिंग के जवाब में पुलिस कर्मियों की चलाई गोली से आरोपी ढेर हो गया। हालांकि मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि इज्जत नगर क्षेत्र के रहपुरा चौधरी गांव में पारिवारिक पंचायत के दौरान अफसर ने सास आसमां, साले आदिल और पत्नी सायमा को चाकू मार दिया था। इसमें आसमां और आदिल की मौत हो गई थी, जबकि आरोपी की पत्नी सायमा गंभीर घायल हो गई थीं। पुलिस को रात में सूचना मिली कि आरोपी अवैध शस्त्र के साथ गांव में घूम रहा है और पत्नी की हत्या का दोबारा से प्रयास कर सकता है। इसके बाद अस्पताल और गांव में पुलिस फोर्स को बढ़ा दिया गया। पुलिस की तीन टीमें आरोपी की तलाश में लगातार लगी हुई थीं।

एसएसपी ने बताया कि आरोपी की तलाश में जुटीं तीनों टीमों ने मंगलवार को सुबह करीब छह बजे इज्जत नगर इलाके के सहारा मैदान में घेराबंदी की। इस पर आरोपी ने पिस्टल से पुलिस टीम पर लगाकर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी को गोलियां लगी। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आरोपी से पिस्टल और सास तथा साले की हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद हुआ है। मौके से 10 खोखा कारतूस भी पुलिस को मिले हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि आरोपी अफसर बेखौफ होकर पुलिस पर जमकर फायरिंग की थी। अफसर की गोलीबारी में दो पुलिस कर्मी घायल हुए हैं, उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।


इनकाउंटर के बाद अफसर को उठाकर अस्पताल ले जाते पुलिस कर्मी।


घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे एसएसपी अनुराग आर्य। ● अमृत विचार


मां-बेटे के जनाजे को दफनाने ले जाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### आरोपी के पास से मिली, इटली की पिस्टल

इज्जत नगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी अफसर खान के पास से पुलिस को इटली की एक ऑटोमेटिक पिस्टल 32 बोर की बरामद हुई है। इस पर ओन्ली फॉर पब्लिक सप्लाई लिखा है। 32 बोर के 10 खोखा कारतूस और कई जिंदा कारतूस के अलावा नगद रुपये, बीड़ी और माचिस के साथ ही हत्याकांड में इस्तेमाल किया गया खून लगा हुआ चाकू भी बरामद हुआ है। आरोपी पर अपने मामा की हत्या के अलावा सीबीगंज थाने में चोरी का मुकदमा और बारादरी थाने में वाहन चोरी के मुकदमे के अलावा करीब सात मुकदमे दर्ज हैं।




### अफसर की गोली से बाल-बाल बचे इंस्पेक्टर इज्जतनगर

एसएसपी के मुताबिक सास और साले के हत्यारोपी अफसर खां ने पिस्टल से पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उसकी गोलीबारी में दो सिपाही जख्मी हो गए, जबकि इज्जत नगर इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट और पुलिस की जीप पर भी गोली के निशान मिले हैं। अगर इंस्पेक्टर ने बुलेटप्रूफ जैकेट न पहनी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। मुठभेड़स्थल पर दस खोखे और कारतूस बरामद होने से स्पष्ट है कि आरोपी ने पुलिस टीम पर भारी फायरिंग की है।




### पुलिस की मौजदूगी में एक साथ उठे मां-बेटे के जनाजे

आरोपी अफसर ने सोमवार दोपहर भरी पंचायत में खूनी खेल खेला था। उसने चाकू से गोदकर अपनी सास आसमां और साले आदिल की बेरहमी से हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम होने के बाद मंगलवार को जब आदिल और उसकी मां आसमां का जनाजा गांव पहुंचा तो मातम छा गया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस फोर्स को भी तैनात किया गया था। मां-बेटे के जनाजे एक साथ उठने पर हर किसी की आंख नम हो गई। मां-बेटे को गांव के ही कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

### पुलिस ने पांच महीने में किया दूसरा फुल एनकाउंटर

बरेली पुलिस ने पांच महीने के भीतर दूसरा फुल एनकाउंटर करके अपराधियों को सख्त चेतावनी दी है। इससे पहले पुलिस ने 9 अक्टूबर 2025 की सुबह पुलिस और एसओजी की टीम ने 1 लाख रुपये के इनामी कुख्यात डकैत इफ्तेखार उर्फ शैतान को नैनीताल हाईवे पर बिलवा पुल के पास एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। कासगंज निवासी शैतान पर 7 जिलों में हत्या और लूट के 19 मुकदमे थे और वह 2012 से फरार था और वह नाम बदलकर वारदात करता था। अब पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के आरोपी अफसर का भी फुल एनकाउंटर किया है।

### पीड़ित परिवार बोला, आरोपी को मिली सजा परिजनों ने एनकाउंटर पर उठाए सवाल

आरोपी अफसर खां के एनकाउंटर पर सायमा के मायके वालों ने संतुष्टि जाहिर की। पिता नन्हे खां ने कहा कि वह पुलिस के शुक्रगुजार हैं। आरोपी को उसके किए की सजा मिली है, लेकिन अफसर के परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए है। जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर अफसर के बड़े भाई कौसर खां ने बताया कि सोमवार को जहां पर पंचायत हुई थी वहां पर उनके परिवार से अफसर के अलावा कोई अन्य मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा कि जिसने अपने घर पर पंचायत की है वह जानें उनके घर पर क्या हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि अफसर की पत्नी और साला उसकी हत्या करना चाह रहा थे। कौसर खां ने कहा कि उन्हें सुबह 9 बजे एनकाउंटर की सूचना मिली। अफसर का पंचायतनामा उसके भाई, भतीजे, चाचा, फूफा और फुफेरे भाई ने भरवाया है।

### अल्लाह का शुक्र है, अब मेरे बच्चे सुरक्षित रहेंगे

**बरेली, अमृत विचार :** दोहरे हत्याकांड के आरोपी अफसर की मौत की खबर पर उसकी पत्नी सायमा ने खुशी जताते हुए अल्लाह का शुक्र अदा किया है। सायमा का कहना है कि पति की मौत से उसे कोई फर्क नहीं पड़ता, वह जल्लाद था। वहीं उसने एनकाउंटर करने वाली बरेली पुलिस का भी शुक्रिया अदा किया है। पति के हमले में घायल सायमा अस्पताल में भर्ती है। उसने बताया कि उसका पति बच्चों और उसके साथ आए दिन मारपीट करता था। सायमा को मंगलवार को जब पति के एनकाउंटर में मारे जाने की खबर मिली तो उसने कहा कि अल्लाह का शुक्र है कि वह मर गया। महिला ने बताया कि उसका पति जल्लाद था। वह आए दिन बच्चों और उसकी गर्दन पर चाकू रखकर मारने की धमकी देता था, लेकिन अब वह और उसके बच्चे सुरक्षित हैं। सायमा ने आगे कहा कि बरेली पुलिस का बहुत शुक्रिया वह पुलिस के पैर पकड़कर उनका शुक्रिया अदा करना चाहती है। अस्पताल में भर्ती सायमा की हालत नाजुक बनी हुई है। उसके सीने और पेट में गहरी चोट है। डाक्टरों की टीम उसकी निगरानी में लगी हुई है।



### तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी कराई, रात में सुपुर्द-ए-खाक

**बरेली, अमृत विचार :** सास और साले की हत्या करने वाले आरोपी अफसर के शव का मंगलवार की देर शाम डॉक्टर के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इसके बाद पुलिस ने रिश्तेदार और परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया। गांव में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया था। पुलिस की मौजूदगी में ही उसे गांव के कब्रिस्तान ले जाकर दफन कर दिया गया। तीन डॉक्टरों के पैनल ने मंगलवार की शाम 6 :00 बजे के बाद अफसर के शव की पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की। करीब 1 घंटे चली पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमार्टम होने के बाद अफसर खान उर्फ बौरा का शव पुलिस की मौजूदगी में गांव में पहुंचा। गांव में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। रात करीब 9 :00 गांव के ही कब्रिस्तान में अफसर को पुलिस की मौजूदगी में दफनाया गया। इसके अलावा पुलिस ने प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

- तनाव के चलते गांव में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को किया गया था तैनात
- एसएसपी ने प्रकरण की मजिस्ट्रेटी जांच के लिए डीएम को लिखा

## जमीन के विवाद में युवक को घेरकर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** जमीन के विवाद में दबंगों ने युवक को घेरकर मारपीट की और जगह खाली नहीं करने पर दोनों भाईयों को जान से मारने की धमकी दी। युवकों की मां ने सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के रोंधी गांव निवासी लौंगश्री ने बताया कि उसके पति सेवाराम ने एक कमरे की जमीन 1995 में 600 रुपये में नेमचन्द्र निवासी रोंधी से खरीदी थी। इसके बाद उसके पति ने खपरैली बनवाई थी। उसमें बेटा राकेश रह रहा है।

आरोप है कि 13 मार्च को उसका बेटा सर्वेश सुबह टहलकर आया तो नेमचन्द्र ने अन्य लोगों के साथ उसे घेर लिया। मारपीट करके कहा कि अगर तेरे भाई ने उस जमीन से कब्जा नहीं छोड़ा तो तुम दोनों को जान से मार देंगे। महिला ने आरोपियों से अपने परिवार के लोगों की जान का खतरा बताया है।

महिला की तहरीर पर सुभाषनगर पुलिस ने नेमचन्द्र, रामा शंकर, विद्याराम, ओमेन्द्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## साइकिल सवार होमगार्ड को ट्रक ने रौंदा, मौत

- ड्यूटी पर जाते समय कर्मचारी नगर चौकी के पास हादसा
- पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** साइकिल से डयूटी पर जा रहे होमगार्ड को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में होमगार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। वहीं होमगार्ड की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के हार्टमैन रामलीला गौटिया निवासी 59 वर्षीय रमेश गिरि होमगार्ड थे। उनके बेटे विकास गोस्वामी ने बताया कि पिता जजी कॉलोनी में तैनात थे। वह मंगलवार दोपहर साइकिल से ड्यूटी के लिए जजी कॉलोनी जा रहे थे।

कर्मचारी नगर चौकी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पिता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। इसके बाद शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया और परिजनों को घटना की जानकारी दी गई।हादसे में हुई मौत की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी मीना का रो-रोकर बुरा हाल है। रमेश गिरि अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गए हैं।


रमेश (फाइल फोटो)

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास में 3 भाइयों की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली:** अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय) राघवेंद्र मणि ने थाना बहेड़ी के ग्राम मुर्करमपुर निवासी तीन सगे भाइयों कमर, मो. अजहर और जफर की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव के अनुसार, इन पर छह वर्ष पूर्व लकड़ी रखने के मामूली विवाद में एक युवक को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटकर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप है। वर्ष 2018 में दर्ज इस मामले में पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को राहत देने से इनकार कर दिया।

### बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**बरेली/बहेड़ी, अमृत विचार:** सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर घायल है। जाम सावंत निवासी आकाश और शिव कुमार बाइक से अपने गांव आ रहे थे, तभी गांव गुड़वारा के पास पीछे से आ रही एक एसयूवी कार ने टक्कर मार दी। भीषण टक्कर के चलते बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल ही आसपास के ग्रामीण पहुंचे और घायलों को अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने शिव कुमार को मृत घोषित कर दिया। दोनों युवक आपस में चचेरे तहेरे भाई हैं।

## अग्निवीर भर्ती में दौड़े 850 युवा, 575 सफल


अग्निवीर भर्ती में दौड़ते युवक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सफल अभ्यर्थियों का बुधवार को होगा चिकित्सकीय परीक्षण

**अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में मंगलवार को 850 युवाओं ने दौड़ लगाई, जिसमें से 575 अभ्यर्थी सफल हुए। इन सफल अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण बुधवार को किया जाएगा।

भर्ती कार्यालय बरेली के अंतर्गत आने वाले फर्रुखाबाद जिले के अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) के अभ्यर्थियों को मंगलवार को बुलाया गया था। भर्ती प्रक्रिया के दौरान कुल 850 अभ्यर्थियों ने दौड़ लगाकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। दौड़ और अन्य प्रारंभिक परीक्षणों में 575 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। सफल अभ्यर्थियों को अगले चरण के तहत चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। भर्ती रैली के समय जाट रेजिमेंट के सामने नकटिया रोड को वन-वे कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए यहां दो प्लाटून पीएसी के साथ पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। आसपास के जिलों से तमाम युवा भर्ती में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

## साड़ी चुराने के विरोध पर घर में घुसकर मारपीट, छह घायल

**बरेली, अमृत विचार :** घर से साड़ी चुराने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें एक परिवार के छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा निवासी मो. सिराज ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले तसलीम ने 14 मार्च को उसके घर से जरी जरदोजी के काम की साड़िया चुरा ली थीं। उसने तसलीम से पूछा तो वह झगड़ा करने लगा, लेकिन आसपास के लोगों ने दोनों का आपस में समझौता करा दिया। आरोप है कि सोमवार को आरोपी तसलीम अपने अन्य साथियों के साथ उसके घर में घुस आया। इसके बाद उसने लाठी डंडों से उसके ऊपर हमला कर दिया। इसमें वह, उसके भाई मो. रियाज, मो. रिहान, मां शकिरा, बहन नेहा और पत्नी रेशमा घायल हो गई। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने घर में रखी अन्य साड़ियां भी फाड़ दीं। बारादरी पुलिस ने तसलीम, यासीन, वसीम, मोईद, जुनैद, शाबेज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## एसपी ट्रैफिक के नए दफ्तर समेत हुए कई उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्वस्थ वातावरण के लिए 'प्रहरी उद्यान' का भी कराया निर्माण

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित नवनिर्मित एसपी ट्रैफिक कार्यालय का उद्घाटन एसएसपी अनुराग आर्य ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणादायी वातावरण सृजित करने के लिए 'प्रहरी उद्यान' का भी निर्माण कराया गया है।

पुलिस लाइन में एसपी ट्रैफिक कार्यालय में एसएसपी अनुराग आर्य ने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। उसके बाद उनके द्वारा एसपी यातायात कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में यातायात कार्यालय की पेशी का उद्घाटन सहायक पुलिस अधीक्षक अंजना दहिया ने किया। वीआईपी सेल का उद्घाटन एसएसपी/क्षेत्राधिकारी कार्यालय-आरटीसी सोनाली मिश्र ने किया। टीएसआई कार्यालय का उद्घाटन एएसपी/क्षेत्राधिकारी हाईवे-लाइन आशुतोष शिवम ने किया। उद्यान में स्थापित प्रतिमा का भी अनावरण हुआ। यातायात शाखा के हेड कांस्टेबल शाने आलम पासा द्वारा भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि पुलिस लाइन के व्यापक सौन्दर्यीकरण का काम लगभग डेढ़ वर्ष से निरंतर प्रगति पर है। पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणादायी वातावरण सृजित करने के लिए 'प्रहरी उद्यान' का निर्माण कराया गया है। इस मौके पर एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, सीओ द्वितीय अंजनी कुमार तिवारी, सीओ फरीदपुर संदीप सिंह मौजूद रहे।

बीडीए की अनूठी पहल

पुष्प प्रदर्शनी बनेगी आस्था का केंद्र, फूलों के साथ मिलेगी विरासत की जानकारी

# पुष्प वाटिका में विराजेंगे बाबा केदारनाथ और महाकाल

महिपाल गंगवार, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की रामायण वाटिका में आयोजित होनी वाली आगामी पुष्प प्रदर्शनी इस बार केवल प्रकृति प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए भी एक भव्य केंद्र बनने जा रही है।

फूलों की मनमोहक वादियों के बीच आध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। बीडीए ने यहां देश के चार प्रतिष्ठित और प्राचीन मंदिरों की भव्य प्रतिकृतियां (डमी) प्रदर्शित करने का निर्णय लिया है।

इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण उत्तराखंड का बर्फीला केदारनाथ मंदिर और उज्जैन का सुप्रसिद्ध महाकाल मंदिर होगा। केदारनाथ और महाकाल मंदिर के साथ-साथ ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित ऐतिहासिक लिंगराज मंदिर और दक्षिण भारत की वास्तुकला के प्रतीक तमिलनाडु के रामेश्वरम मंदिर की डमी भी प्रदर्शनी की शोभा बढ़ाएंगी।

मुख्य अभियंता एपीएन सिंह का कहना है कि बीडीए की इस अनूठी पहल का उद्देश्य शहरवासियों, विशेषकर युवा पीढ़ी को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से परिचित कराना है। जब लोग फूलों की उन्नत और दुर्लभ प्रजातियों को निहारने आएंगे, तो इन चारों पवित्र मंदिरों के लघु रूप उन्हें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करेंगे।


उड़ीसा के लिंगराज मंदिर की कृति।


तमिलनाडु के रामेश्वरम मंदिर की कृति।

### सेल्फी पॉइंट और ज्ञान का केंद्र बनेगी प्रदर्शनी

फूलों की खुशबू के बीच स्थापित ये चारों धार्मिक मॉडल न केवल आस्था का केंद्र होंगे, बल्कि युवाओं के लिए बेहतरीन सेल्फी पॉइंट और बच्चों के लिए ज्ञानवर्धन का माध्यम भी बनेंगे। बीडीए ने इन प्रतिकृतियों को इस तरह डिजाइन करवाया है कि इनके पास खड़े होकर फोटो खिंचवाने पर असली मंदिर परिसर जैसा अनुभव हो। प्रत्येक मॉडल के पास संबंधित मंदिर के इतिहास और उसकी महत्ता से जुड़ा एक संक्षिप्त विवरण भी लगाया जा सकता है, जिससे नई पीढ़ी को अपनी विरासत के बारे में जानकारी मिल सके। प्राकृतिक हरियाली, रंग-बिरंगे फूलों की सजावट और इन पवित्र डमी का संयोजन इस बार की प्रदर्शनी को एक '''थीम पार्क'''' जैसा लुक देगा, जहां श्रद्धा और मनोरंजन का अनूठा मेल होगा।

### उत्तर से दक्षिण तक के होंगे दिव्य दर्शन

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए. कहना है कि पुष्प प्रदर्शनी की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि एक ओर उत्तराखंड के केदारनाथ और उज्जैन के महाकाल मंदिर की प्रतिकृतियां उत्तर भारत की नागर शैली और हिमालयी दिव्यता का अहसास कराएंगी। दूसरी ओर ओडिशा के लिंगराज मंदिर की भव्यता पूर्वोत्तर की कला को जीवंत करेगी। इसके साथ ही, तमिलनाडु के रामेश्वरम मंदिर का मॉडल दक्षिण भारतीय द्रविड़ वास्तुकला की सुंदरता को प्रदर्शित करेगा।




अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## सिटी ब्रीफ

### अयोध्या के लिए रवाना हुए 18 कारसेवक



**बरेली, अमृत विचार** : अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से पूरे देश से कारसेवा में सक्रिय रहे पुराने कार्यकर्ताओं को विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से आमंत्रित किया गया। बरेली से 18 कारसेवकों ने मंगलवार को अयोध्या धाम को प्रस्थान किया। इनमें प्रमुख रूप से प्रदीप रुहेला, सतीश शर्मा, राधाकृष्ण, रमेश मल्होत्रा, पूरनलाल प्रजापति, रंजीत रस्तोगी समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आशु अग्रवाल, महानगर मंत्री संजय शुक्ला, अंकित कुमार, गिरधर गोपाल खट्टर, नीरज चौरसिया, शोभित मिश्रा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मनरेगा और संविदाकर्मियों के भुगतान में देरी पर प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार** : महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मनरेगा और संविदाकर्मियों के भुगतान में देरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उपायुक्त मनरेगा हबीब अंसारी को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही के चलते मनरेगा मजदूरों का पिछले 75 दिनों से भुगतान लंबित है, वहीं रोजगार सेवकों सहित संविदा कर्मचारियों को भी करीब 8 महीनों से मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के खाते में हजारों करोड़ रुपये होने के बावजूद मजदूरों का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार मजदूरों का हक मारकर अपने चहेते लोगों को फायदा पहुंचाने का प्रयास कर रही।

# बरेली नंबर वन : 74 किशोरियों को लगी वैक्सीन

## सर्वाइकल कैंसर रोधी टीकाकरण की हुई शुरुआत, सहमति पत्र के साथ जिला महिला अस्पताल पहुंचीं किशोरियां

- टीका लगाने के बाद बोलीं बेटियां आगे बढ़कर आएं साथी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाने में बरेली प्रदेश में सबसे आगे रहा। जहां कुछ जिलों में इसका आंकड़ा 20 के पास भी नहीं पहुंचा वहीं जिला महिला अस्पताल में सबसे अधिक 74 किशोरियों ने इस टीके को लगवाकर सबसे आगे पहुंचा दिया। टीका लगवाने के लिए किशोरियां शाम चार बजे तक आती रहीं।

मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में सर्वाइकल कैंसर रोधी टीके लगाने का शुभारंभ किया गया। जागरूकता के चलते वहां पर परिजन अपनी बेटियों को लेकर पहुंचे। जिले का पहला टीका सीबीगंज लेबर कॉलोनी निवासी ईशिता को लगाया गया। इसके बाद शाम चार बजे तक टीकाकरण जारी रहा। परिजनों के साथ जिला अस्पताल पहुंची छात्राओं के चेहरे पर न कोई डर था ना ही कोई चिंता। परिजनों ने बताया कि सरकार की यह अच्छी पहल है। शाम को चार बजे तक 74 किशोरियों ने यह टीका लगवाया। अब आज से यह जिले की सभी सीएचसी और पीएचसी पर भी लगना शुरू हो जाएगा।

जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने जानकारी दी कि प्रारंभिक तीन माह तक यह अभियान सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक संचालित होगा। इसके बाद यह नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित किया जाएगा।



जिला महिला अस्पताल में टीका लगवाती किशोरी। ● अमृत विचार

### यू-विन पोर्टल पंजीकरण, वहीं से मिलेगा सार्टिफिकेट

यदि टीका लगावना है तो यू-विन पोर्टल पर स्वयं पंजीकरण कर डिजिटल सहमति दे सकते हैं। इंटरनेट उपलब्ध न होने की स्थिति में लिखित सहमति ली जाएगी, जिसे बाद में पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। आयु सत्यापन के लिए पहचान पत्र आवश्यक है। प्रमाणपत्र भी यू-विन पोर्टल से डाउनलोड होगा।



सर्वाइकल कैंसर के बारे में सुना है। टीका लगने की जानकारी मिली थी। परिजनों के साथ आकर टीका लगवाया है। टीका लगवाने के बाद आंधे घंटे वहां पर रुकने को बोला गया था। - **खुशी**



नेट पर सर्वाइकल कैंसर के बारे में पढ़ा है। यह महिलाओं में होने वाला कैंसर है। टीकाकरण से इस कैंसर से बचा जा सकता है। - **राशि**



परिजनों के साथ आई हूं। टीका लगवाया है। इंजेक्शन से डर लगता है। लेकिन टीका लगने का पता ही नहीं चला। न ही कोई दर्द का अहसास हुआ। -**किरन**



स्कूल में टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई थी। इसके फायदे के बारे में बताया गया था। इसलिए परिवार के साथ आकर टीका लगवाया है। - **रोशनी**

> जिले में मंगलवार से शुरू हुए टीकाकरण अभियान के पहले दिन प्रदेश में सर्वाधिक 74 किशोरियों ने बरेली जनपद में एचपीवी टीकाकरण करवाया है। जागरूकता के चलते लोग अपने आप आए और टीकाकरण करावाया। उटीकाकरण पूर्णत: स्वैच्छिक है तथा इसके लिए माता-पिता या अभिभावक की सहमति अनिवार्य होगी। -**विश्राम सिंह**, सीएमओ

# विभाग की लापरवाही से रोज हो रहीं तीन मौतें




बिजली विभाग की जनसुनवाई में मंचासीन अफसर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जनसुनवाई के दौरान स्मार्ट मीटर को लेकर आ रही समस्या का उठा मुद्दा

**अमृत विचार** : जन सुनवाई में लोगों की समस्या सुनने आए अफसरों को उनकी विभाग की कमियों के बारे में खूब सुनना पड़ा। साक्ष्यों के साथ उपभोक्ता फोरम के लोगों ने अपनी बात दमदार तरीके से रखी। विभाग की कमी से उपभोक्ताओं को उन परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है, ।

जीआईसी ऑडोटोरियम में मंगलवार को हुई जन सुनवाई में उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अवधेश कुमार के तीखे सवालों के सामने ऑडिटोरियम में सन्नाटा पसर गया। उन्होंने आंकड़ों के साथ बताया कि एक वर्ष में विभाग में काम करते समय प्रदेश में 1120 लोगों की जान चली जाती है। यानि विप्रदेश में प्रतिदिन तीन लोगों की मौत हो रही है स्मार्ट मीटर की बात करते हुए उन्होंने साक्ष्य के साथ दिखाया कि एक उपभोक्ता ने अपने मीटर को पांच बार 1500 रुपये से रीचार्ज किया, लेकिन उसका मीटर चार्ज नहीं हुआ। दिए गए नंबरों पर जब उसने बात की तो सही जवाब नहीं मिल सका। उन्होंने स्मार्ट मीटर की बात को जब ऑडोटोरियम में बैठे लोगों से पूछा तो सबने तालियां बजाकर बात का समर्थन किया।

# पैथोलॉजी में फिर हुआ हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में मंगलवार को एक बार फिर हंगामा हो गया। रक्त जांच कराने पहुंचे युवक ने स्टाफ पर धक्का देने का आरोप लगाया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची दोनों पक्षों को समझाकर मामले को शांत कराया।

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में मंगलवार की दोपहर के समय मरीजों की भीड़ अधिक थी। इसी दौरान एक युवक रक्त जांच कराने के लिए अंदर चला गया। इस पर स्टाफ ने उसे रोकने का प्रयास किया, जिसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि बहस के दौरान स्टाफ ने युवक को धक्का देकर बाहर निकलने को कहा। इससे वह भी भड़क गया और स्टाफ के साथ बहस करने लगा। इससे वहां पर भीड़ जुट गई और हंगामा होने लगा। सूचना पर जिला अस्पताल चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पैथोलॉजी में सोमवार को भी विवाद हुआ था। उस दौरान एक महिला पर सरकारी रजिस्टर फाड़ने का आरोप लगाया गया था।




जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर हुए हंगामा करते लोग।

- भीड़ जुटने पर दोपहर में स्टाफ और मरीज में हुई बहस

## आलू भंडारण में देरी से घाटा, उद्यान विभाग का अलर्ट

**बरेली, अमृत विचार**: जिला उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार ने आलू उत्पादक किसानों को सलाह दी है खुदाई के बाद आलू को तुरंत शीतगृह में भंडारित किया जाए। उच्च तापमान के कारण खुले में रखने से आलू सड़ने लगता है, जिससे गुणवत्ता खराब होती है। साथ ही बाजार में अधिक आपूर्ति के चलते कीमतों में गिरावट आती है। कहा कि जनपद में 32 शीतगृह संचालित हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 15.61 लाख मीट्रिक टन है। वर्तमान में 75 प्रतिशत भंडारण हो चुका है और अभी भी पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। किसानों से अपील की गई है कि वे समय रहते भंडारण कर अपनी उपज को सुरक्षित रखें।

# स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: विकास भवन सभागार में 'डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया' अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 70 विद्यालयों के शिक्षकों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि पीडी डीआरडीए चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव और डीडीओ दिनेश कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य की तस्वीर बदल सकते हैं। इसमें शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम है, क्योंकि उनके मार्गदर्शन में ही बच्चे स्वच्छता को संस्कार के रूप में अपनाएंगे। प्रशिक्षण के अंत में सभी 70 स्कूलों के प्रतिनिधियों को स्वच्छता किट और पठन-सामग्री वितरित की गई, ताकि वे विद्यालयों में जाकर बच्चों को जागरूक कर सकें।

प्लान इंडिया के जिला प्रमुख रंजीत सिंह ने बताया कि जनपद के कुल 400 विद्यालयों में यह विशेष स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को व्यक्तिगत सफाई, घर-स्कूल की स्वच्छता और बीमारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में शिक्षित करना है। बताया कि बच्चों को ''''परिवर्तन दूत'''' के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे न केवल बीमारियों में कमी आएगी बल्कि स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति में भी सुधार होगा। कार्यक्रम के समापन पर प्लान इंडिया और रेकिट की ओर से मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया गया।



कार्यशाला में स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी देते रंजीत सिंह। ● अमृत विचार

- विकास भवन में 'डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया' कार्यशाला

# ईद को लेकर बाजार हुआ गुलजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : ईद-उल-फितर नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। सुबह से ही बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी, जबकि शाम ढलते ही कपड़ों, टोपी, इत्र और सेवईं की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ दिखाई दी। बाजारों में चहल-पहल बढ़ने से कारोबारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं।

ईद की तैयारियों को लेकर लोग परिवार के साथ बाजार पहुंच रहे हैं। खासकर कपड़ों की दुकानों, बच्चों के परिधानों, जूतों, टोपी और इत्र की दुकानों पर जमकर खरीदारी हो रही है। वहीं मिठाइयों और सेवईं की दुकानों पर भी लोगों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। दुकानदारों ने ग्राहकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अलग-अलग किस्म की सेवईं, सूखे मेवे और ईद से जुड़ी अन्य सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था की है।

बाजार में खरीदारी करने आए लोगों का कहना है कि ईद का त्योहार खुशी और भाईचारे का प्रतीक है, इसलिए लोग अपने परिवार और रिश्तेदारों के लिए पहले से ही खरीदारी कर रहे हैं। बच्चों में नए कपड़ों और त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कपड़ा व्यापारी जाफर अली ने बताया कि ईद के करीब आते ही बाजार में रौनक बढ़ जाती है। पिछले कुछ दिनों से ग्राहकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। लोग खासतौर पर बच्चों और युवाओं के लिए नए डिजाइन के कपड़े खरीद रहे हैं। वहीं सेवईं विक्रेता अलीम ने बताया कि ईद के मौके पर सेवईं की मांग सबसे ज्यादा रहती है।



बाजार में इत्र और टोपियों की वेरायटी मौजूद। ● अमृत विचार

- दुकानों से सेवईं और कपड़ों की जमकर हो रही खरीदारी

## दस साल के लिए होगा डबरी जलाशयों का पट्टा

**बरेली, अमृत विचार**: मत्स्य विभाग ने जनपद के श्रेणी-5 के दो प्रमुख विभागीय जलाशयों, क्यारा डबरी और जल्लापुर डबरी में मत्स्य पालन एवं आखेट को 10 वर्षों के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडेय के अनुसार, क्यारा डबरी (2.842 हेक्टेयर) का प्रथम वर्ष हेतु आरक्षित मूल्य 8,000 रुपये और जल्लापुर डबरी (6.803 हेक्टेयर) का 47,427 रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक निविदादाता अपनी निविदाएं 23 मार्च 2026 की शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं, जिन्हें 24 मार्च को अपराह्न 2 बजे तहसील सभागार, सदर में गठित समिति के समक्ष खोला जाएगा। निविदा प्रपत्र और विस्तृत शर्तों की जानकारी विकास भवन स्थित कमरा नंबर 40 से प्राप्त की जा सकती है।

# पेंशन को पुराने आवेदक काट रहे दफ्तर के चक्कर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि मान्य न होने की सूचना पर पहुंचे आवेदक

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में शासन के आंशिक बदलाव के बाद मंगलवार को पहले से आवेदन किए आवेदकों की भी दफ्तर में लाइन लग गई। अधिकारियों ने समझा बुझाकर उन्हें वापस घर भेजा। आवेदकों को बताया गया कि जो इस आदेश के पहले आवेदन किए हैं। उसमें आधार कार्ड पर अंकित जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में माना जाएगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि शासन से 12 मार्च को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। नए निर्देशों के तहत वृद्धावस्था पेंशन योजना के आवेदन पत्र में सभी कॉलम भरना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि आवेदन पत्र अधूरा पाया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। कई मामलों में आधार कार्ड पर दर्ज जन्मतिथि और अन्य अभिलेखों में दर्ज जन्मतिथि में अंतर पाया गया, जिससे पात्रता निर्धारण में समस्या आती थी।

जिला समाज कल्याण विभाग ने पात्र आवेदकों से अपील की है कि वे आवेदन करते समय आवश्यक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां अवश्य संलग्न करें, ताकि आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या न आए। लेकिन, ऐसे में पुराने आवेदकों को कोई समस्या नहीं होगी।

**इंतजार होगा खत्म** | मिशन 2027 के मास्टर प्लान में पुराने दिग्गजों और जातीय समीकरणों के बीच फंसा पेच

# पीडीए पर मंथन, नवरात्रि बाद मिलेगा 'सेनापति'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

समाजवादी पार्टी

- शुभलेश और योगेश यादव रेस में आगे, पुराने अनुभव पर दांव लगा सकता है हाईकमान
- निर्विवाद चेहरा बने भगवत शरण गंगवार, गुटबाजी खत्म करने को बन सकते पहली पसंद

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी में लंबे समय से भंग चल रही जिला कार्यकारिणी को लेकर अब इंतजार की घड़ियां समाप्त होने वाली हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो सपा हाईकमान नवरात्रि के बाद नए जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा कर सकता है। आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए इस बार अखिलेश यादव का पूरा जोर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को जमीन पर उतारने पर है। पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे चेहरे को कमान सौंपना है जो न केवल जातीय समीकरणों को साध सके, बल्कि बिखरे हुए कुनबे को भी एक सूत्र में पिरोकर सोशल इंजीनियरिंग के इस बड़े दांव को सफल बनाए।


जातीय समीकरणों पर नजर डालें तो यादव समाज से तीन प्रमुख नाम चर्चा के केंद्र में हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव अपनी पुरानी सक्रियता और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ के कारण रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं। वहीं, पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा रखने वाले पूर्व महासचिव योगेश यादव के नाम पर भी गहन मंथन चल रहा है, जो लंबे समय से संगठन के हर उतार-चढ़ाव में साथ रहे हैं। पार्टी इन चेहरों के माध्यम से पार्टी अपने आधार वोट बैंक को एकजुट रखने की रणनीति पर काम कर रही है। संजीव यादव को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। वहीं, गैर-यादव चेहरों में पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार का नाम सबसे वजनदार बनकर उभरा है। पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक के रूप में उनका लंबा अनुभव उन्हें ''सेफ कार्ड'' के रूप में पेश करता है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भगवत शरण एक ऐसा निर्विवाद चेहरा हैं जो जिले की गुटबाजी खत्म कर सबको साथ लेकर चल सकते हैं। पाल समाज में पैठ मजबूत करने के लिए राजकुमार पाल, कुर्मी समाज से मनोहर पटेल का नाम भी पार्टी नेताओं के बीच चर्चा में है, जो पीडीए के 'पिछड़ा' घटक को मजबूती दे सकते हैं।

बहरहाल, हाईकमान इस बार किसी भी विवादित चेहरे से बचकर साफ-सुथरी छवि वाले अनुभवी सिपहसालार पर दांव लगाने की तैयारी में हैं। पार्टी सूत्र बताते हैं कि नए जिलाध्यक्ष की पहली चुनौती संगठन के रिक्त पदों को भरना और निष्क्रिय पड़े मोर्चों में नई जान फूंकना होगी। 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर अखिलेश यादव इस बार सोशल इंजीनियरिंग और जमीनी पकड़ को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि लखनऊ से जारी होने वाले आधिकारिक पत्र में पुराने अनुभव को तवज्जो मिलती है या किसी नए चेहरे को कमान सौंपकर चौंकाया जाता है। फिलहाल, दावेदारों की धड़कनें तेज हैं और सबकी नजरें नवरात्रि के समापन पर टिकी हैं।

### ...तो इसलिए हो रही है देरी?

विगत विधानसभा और लोकसभा चुनावों के बाद से ही जिला संगठन में बड़े बदलाव की प्रतीक्षा की जा रही थी। कार्यकारिणी भंग होने की वजह से कई बार जमीनी स्तर पर समन्वय की कमी भी देखी गई। माना जा रहा है कि इस बार प्रदेश नेतृत्व किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए 'क्लीन इमेज' और 'अनुभव' को प्राथमिकता देगा।

# दिलों को सुकून देती है कुरआन की तिलावत



मस्जिद दुलिया बी में कुरान मुकम्मल के बाद दस्तारबंदी की। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : किला के जखीरा मोहल्ले में स्थित मस्जिद दुलिया बी में रमजान के महीने में तरावीह की नमाज के दौरान ख़त्म-ए-क़ुरआन शरीफ़ (क़ुरआन ए पाक की मुकम्मल तिलावत) का जश्न मनाया गया।

मस्जिद के मुतावली गुलरेज खान ने बताया कि हाफिज शकील अहमद कादरी ने इमामत करते हुए कुरआन की पूरी तिलावत की। रमजान की फजीलत पर तकरीर हुई। नात-ए-पाक पेश की गई और सलातो सलाम के बाद खास दुआएं की गईं। मस्जिद कमेटी ने तरावीह की नमाज में कुरआन सुनाने वाले हाफिज की दस्तारबंदी करके तोहफे दिए। पम्मी वारसी ने मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमजान सिर्फ व्यक्तिगत सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और मानवता का पैगाम भी देता है। यह महीना इंसान को सिखाता है कि जीवन में संयम, दया और जिम्मेदारी बहुत अहम है। इस मौके पर हाफिज नबील रजा कादरी, मोहम्मद फैज खान, गुलाम सुब्हानी, मुजम्मिल खान, हाशिम खान, हाजी शोएब खान, मोबिन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## सिटी ब्रीफ

### रुविवि ने एनईपी पर कॉलेजों से मांगी रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले महाविद्यालयों पर सख्ती दिखाई है। कुलसचिव हरीश चंद ने सभी राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित कॉलेजों और महाविद्यालयों को 19 मार्च तक शासनादेशों के अनुपालन की विस्तारपूर्वक आख्या अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया कि पूर्व में जारी निर्देशों के बावजूद भी अधिकांश महाविद्यालय समय पर सूचनाएं नहीं दे रहे हैं। इसके कारण शासन स्तर पर गहरी नाराजगी जताई गई है। सभी कॉलेजों को गूगल फॉर्म और निर्धारित प्रारूप में दो दिनों के भीतर सूचनाएं भरकर भेजनी होंगी।

### आनंद आश्रम में हुआ संगीतमय सुंदरकांड

बरेली, अमृत विचार : रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम के सत्संग हाल में मंगलवार को संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। आनंद आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने कथा में कहा कि ईश्वर की कृपा पाने के लिए सच्ची आस्था और समर्पण आवश्यक है। भदोही से आए पीयूष मिश्रा ने मां शैलपुत्री के स्वरूप और महत्व की जानकारी दी। शाम के सत्र में हनुमान चालीसा और गणेश वंदना के बाद सुंदरकांड सेवा समिति के आशुतोष शर्मा ने भक्तों के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया। महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और प्रसाद वितरित किया गया। मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि चैत नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन देवी स्वरूपों पर प्रवचन होंगे।

### कायस्थ समाज ने सौहार्द के साथ मनाई होली

बरेली, अमृत विचार : कायस्थ चेतना मंच के तत्वाधान में मंगलवार को शहर एक होटल में होली मिलन और नव संवत्सर विक्रम संवत 2083 का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिलेश सक्सेना ने किया। मंगल सक्सेना व सहयोगियों ने मां भगवती के छंदों से समां बांधा, वहीं पूर्व पार्षद अनुपम चमन और अन्य महिलाओं ने मनमोहक होली गीतों की प्रस्तुति दी। सुरभि शिवांग, जूही और प्रतिभा जौहरी के शानदार नृत्यों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# खेलों से छात्रों में अनुशासन का होता विकास

## बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव स्पेक्ट्रा-2026 का शुभारंभ

- रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया महोत्सव का उद्घाटन
- खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, बरेली


शतरंज प्रतियोगिता में चाल चलते प्रतिभागी। ● अमृत विचार


सजायी गयी रंगोली के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव "स्पेक्ट्रा-2026" का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस दौरान कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सह-पाठ्यक्रमीय एवं अकादमिक कार्यक्रम, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही नेतृत्व गुण एवं टीम वर्क जैसे आवश्यक कौशलों का विकास होता है।

प्रतियोगिता के पहले दिन आयोजित विभिन्न खेल एवं सह-पाठ्यक्रम प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में टीम-ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम में डी. फार्मा द्वितीय वर्ष के कुलदीप, अमन तथा बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के हिमांशु सिंह शामिल रहे। प्रतियोगिता के मन्वयक डॉ. रोहित कुमार बिजौलिया एवं शिवानी रहीं। कैरम प्रतियोगिता के फाइनल में टीम-ए (अमित मौर्य, मोहम्मद फरकान) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि टीम-बी (आदिल खान, मोहम्मद स्वालीन) द्वितीय स्थान पर रही। समन्वयक के रूप में मेघा पांडे एवं अनीता यादव ने दायित्व निभाया। शतरंज प्रतियोगिता में बी. फार्मा तृतीय वर्ष के भरत सिंह (टीम-बी) विजेता रहे, जबकि बी. फार्मा चतुर्थ वर्ष के अवधेश पटेल उपविजेता रहे। इस प्रतियोगिता के समन्वयक चारु सक्सेना एवं अभिषेक शर्मा रहे।

रंगोली प्रतियोगिता में ग्रुप-3 (याशमीन सैफी, ताहिरा कुरैशी, कीर्ति गंगवार, सौम्या पटेल) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ग्रुप-1 (सान्या सक्सेना, शालू गंगवार, दीपांशु वालचेश्वर, स्मृति शर्मा) द्वितीय स्थान पर रहा। रस्साकसी प्रतियोगिता में टीम-बी ने विजय प्राप्त की। विजेता टीम में अलसबा, नेहल, रिम्शा, इकरा, जैशिखा, ज्योति, अदीबा एवं अलफारिया शामिल रहीं।

एथलेटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ में बी. फार्मा तृतीय वर्ष के प्रशांत ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर दौड़ (टीम-बी) में वैष्णवी (एफओएफएस द्वितीय सेमेस्टर) ने प्रथम तथा अपर्णा (एफओएफएस चतुर्थ सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले दौड़ में डी. फार्मा प्रथम वर्ष के अर्जुन पाल प्रथम तथा बी. फार्मा तृतीय वर्ष के राहुल पाल द्वितीय स्थान पर रहे। साथ ही 200 मीटर रिले दौड़ (बालिकाएं) का भी सफल आयोजन किया गया।

क्विज प्रतियोगिता में टीम-बी (ग्रुप-1) के प्रतिभागियों सृष्टि, संस्कार, अखिलेश एवं विमल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता के समन्वयक दीक्षा सहाय एवं दीक्षा शर्मा रहे। इसके अतिरिक्त, बैडमिंटन (समन्वयकः बबीता शर्मा, सोनाली), क्रिकेट लीग मैच (समन्वयकः डॉ. पंकज कुमार शंखधार) तथा वॉलीबॉल लीग मैच (समन्वयकः डॉ. पंकज कुमार शंखधार, डॉ. योगेन्द्र सिंह) का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। महोत्सव का उद्घाटन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सुशील कुमार ठाकुर ने पारंपरिक गरिमा के साथ फीता काटकर एवं रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# अग्रवाल समाज के सम्मेलन में पहले ही दिन 28 जोड़ों की 'बात पक्की'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मिनी बाईपास स्थिति एक होटल में दो दिवसीय भव्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन शुरू
- पांच राज्यों से आए 600 बायोडाटा, 154 युवक-युवतियों का मंच से हुआ परिचय
- करियर के साथ ही विवाह को भी प्राथमिकता दें युवा: राजेन्द्र अग्रवाल
- आज होगा वरिष्ठ नागरिकों और स्वर्ण जयंती मनाने वाले युगलों का सम्मान

**अमृत विचारः** युवाओं को करियर के साथ विवाह को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। यह बात राजश्री ग्रुप के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने यहां एक होटल में अग्रवाल समाज के वैवाहिक परिचय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने अग्रवाल सभा कल्याण सोसाइटी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठित और सुदृढ़ बनाने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

दो दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन विवाह योग्य अग्र समाज के लगभग 154 युवक-युवतियों का मंच से परिचय कराया गया, जिसमें से 28 जोड़ों के परिवारों के बीच आपसी सहमति भी बन गई। इससे पूर्व एक परिचय पुस्तिका का विमोचन किया गया।

सोसाइटी के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल और संरक्षक अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों से 600 से अधिक पंजीकरण हुए हैं। जो प्रतिभागी मंच पर परिचय देने में झिझक रहे हैं, उनके लिए विशेष व्यक्तित्व विकास कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी।

महामंत्री एड. दिनेश अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन के दूसरे दिन, 18 मार्च बुधवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। मीडिया प्रभारी हर्ष कुमार अग्रवाल ने जानकारी दी कि बुधवार दोपहर 12:30 बजे से समाज के उन वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। साथ ही वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूरे कर चुके युगलों का भी अभिनंदन होगा।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। आयोजन में प्रेम प्रकाश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सुधीर कुमार अग्रवाल, आलोक कुमार अग्रवाल, डा. आरती, पंकज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, देवेश कुमार अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, संजय गोयल, राजकुमार अग्रवाल, एन.एस. अग्रवाल समेत भारी संख्या में अग्रबंधु मौजूद रहे।


परिचय सम्मेलन में पत्रिका का विमोचन करते अग्रवाल समाज के लोग। ● अमृत विचार

# फॉरेन्सिक साइंस की नई तकनीकों से रूबरू हुए छात्र

- बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में बीआईयू के छात्रों ने की शिरकत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पोस्टर प्रस्तुतीकरण में बीआईयू की छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फॉरेन्सिक साइंसेज फैकल्टी के छात्रों ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार "इवॉल्विंग डाइमेंशन्स इन फॉरेन्सिक साइंस इन मॉडर्न क्राइम इन्वेस्टिगेशन (ईडीएफएसएमसी-2026)" में सक्रिय सहभागिता की।

इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य फॉरेन्सिक विज्ञान की नवीनतम तकनीकों एवं आधुनिक अपराध जांच में उनके प्रभावी अनुप्रयोगों पर विचार-विमर्श करना था। देशभर से आए विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को फॉरेन्सिक विज्ञान के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य फॉरेन्सिक विज्ञान प्रयोगशाला, लखनऊ के निदेशक डॉ. आदर्श कुमार रहे। उन्होंने अपने संबोधन में फॉरेन्सिक विज्ञान के बढ़ते महत्व एवं भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को इस क्षेत्र में करियर बनाने हेतु प्रेरित किया। सेमिनार में विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा डीएनए विश्लेषण, फॉरेन्सिक विष विज्ञान एवं साइबर अपराध जांच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्रों एवं पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण को साझा किया।

सेमिनार में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फॉरेन्सिक साइंसेज फैकल्टी की छात्राएं शालिनी शर्मा, खुशी यादव एवं अर्चना गंगवार ने सहायक प्राध्यापक शिवानी शर्मा के मार्गदर्शन में पोस्टर प्रस्तुतीकरण में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. लता अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने संयुक्त रूप से छात्रों को प्रोत्साहित किया। कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने सहायक प्राध्यापक शिवानी शर्मा के मार्गदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने भविष्य में प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद जतायी।

# नवरात्रि कल से शुभ मुहूर्त में होगी कलश स्थापना

**बरेली, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च से हो रहा है। नवरात्रि के पहले दिन प्रतिपदा 19 मार्च सुबह 6:52 बजे से प्रारंभ होगी। आचार्य राजेश कुमार शर्मा के अनुसार कलश स्थापना के लिए 19 मार्च को सुबह 6:52 से 8:23 बजे तक पहला शुभ मुहूर्त रहेगा, जबकि दूसरा मुहूर्त दोपहर 11:55 से 12:46 बजे तक होगा। इन शुभ समय में विधिपूर्वक कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना शुरू करना विशेष फलदायी माना गया है। आचार्य प्रखर मिश्र ने बताया कि इस बार कलश स्थापना के समय अमावस्या का प्रभाव रहने के साथ शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि जैसे शुभ योग बन रहे हैं।

# विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, बरेली


जनपदीय खेल प्रतियोगिताओं में बास्केटबॉल खेलती टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय जूनियर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुश्ती, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, सेपकटकरा, कबड्डी और बास्केटबॉल जैसी विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में जनपद की प्रतिभाओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

भारोत्तोलन बालिका वर्ग में विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले हुए, जिसमें 30 किग्रा वर्ग में वर्षा ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि 35 किग्रा वर्ग में रचना और 40 किग्रा वर्ग में अंशिका गोले ने जीत दर्ज की। अन्य भार वर्गों में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पहला मुकाबला सेक्रेड हार्ट और भुता क्लब के बीच हुआ, जिसमें भुता क्लब विजयी रहा। एपीएस और बीबीएल के बीच हुए मुकाबले में बीबीएल ने बाजी मारी। फाइनल में स्टेडियम टीम विजेता और पीएससी उपविजेता रही। एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में आलम, 200 मीटर में हर्ष, 400 मीटर में मोहित और 800 मीटर में रोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में भी रोहित ने बाजी मारी।

लंबी कूद में मोहित, जबकि जैवलिन थ्रो में आलोक ने पहला स्थान हासिल किया। 100 मीटर रिले रेस में प्रयाग कुमार, आलम, रामू यादव और श्याम यादव की टीम विजेता रही। सेपकटकरा बालक वर्ग में कृष्णा चावला, अनमोल, कृष्ण सागर, पवन पाल और रविंद्र की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सुकन्या मिश्रा, अदिति पाल, आरिफा, आरोही, मान्या की टीम विजेता रही। कबड्डी बालक वर्ग में बरेली कैंट की टीम विजेता रही, जबकि स्टेडियम टीम उपविजेता बनी। बालिका वर्ग में स्टेडियम की टीम विजेता और बरेली सिटी उपविजेता रही। बास्केटबॉल बालिका वर्ग में आरएमपीएस ने हार्टमैन को 17-8 से हराकर जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। फाइनल मुकाबले में स्टेडियम टीम ने 14-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारना है।

# परिषदीय विद्यालयः वार्षिक परीक्षा में कई स्कूलों में कम पहुंचे प्रश्नपत्र

बरेली, अमृत विचार

परिषदीय विद्यालयों में कक्षा दो से आठ तक की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो चुकी हैं। मंगलवार को विद्यार्थियों ने गणित, संस्कृत और उर्दू विषयों की परीक्षाएं दीं, लेकिन कई विद्यालयों में प्रश्नपत्र समय पर न पहुंचने से व्यवस्था प्रभावित रही।

मंगलवार को कक्षा छह, सात और आठ के छात्रों ने प्रथम पाली में गणित तथा द्वितीय पाली में संस्कृत व उर्दू की परीक्षा दी। कक्षा दो के छात्रों की प्रथम पाली में गणित की परीक्षा हुई, जबकि कक्षा एक का अवकाश रहा। इससे पहले कक्षा पांच और आठ की पहली पाली की परीक्षा निरस्त होने की सूचना भी सामने आई। परीक्षा के दौरान खंड शिक्षा अधिकारियों ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं, कई विद्यालयों में प्रश्नपत्र समय से न पहुंचने के कारण अव्यवस्था की स्थिति बनी रही। बताया जाता है कि कुछ स्कूलों में पेपर उपलब्ध नहीं थे, जिसके चलते शिक्षकों ने अन्य विद्यालयों से व्हाट्सएप पर प्रश्नपत्र मंगवाए और उन्हें व्हाइट बोर्ड पर लिखकर परीक्षा कराई। सबसे अधिक समस्या बिथरी चैनपुर ब्लॉक में देखने को मिली। जिले के कई विद्यालयों में प्रश्नपत्रों की संख्या भी कम पाई गई।

### स्वास्थ्य जागरूकता और महिला सशक्तिकरण को लिए छात्राओं ने निकाली रैली

**बरेली, अमृत विचार :** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को स्वास्थ्य जागरूकता और महिला सशक्तिकरण को लेकर रैली निकाली और कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेविकाओं ने जगतपुर और जगतपुर पनवड़िया क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**अभियान** | बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

# स्वच्छता, लैंगिक समानता और संतुलित पोषण के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जागरूकता अभियान के तहत स्कूल में मौजूद एनएसएस इकाई-1 की टीम।

- रैलियां निकालकर ग्रामीणों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से बताया
- "गुड टच और बैड टच" के बारे में स्कूल के छात्रों को दी जानकारी

**अमृत विचारः** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 द्वारा ग्राम कंथरिया प्राथमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। शिविर में एनएसएस के लगभग 50 स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

शिविर में स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, लैंगिक समानता, संतुलित पोषण तथा सामाजिक कुरीतियों जैसे विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने पूरे गांव में जागरूकता रैलियां निकालीं और स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को साफ-सफाई को लेकर प्रेरित किया।

शिविर के दौरान योगेंद्र सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य, स्वच्छता आदतों और पोषण से संबंधित जानकारी दी गई। बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच को लेकर जागरूक किया गया। यहां बबिता शर्मा ने बहुत ही प्रभावी और संवेदनशील तरीके से बच्चों को सरल भाषा और उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित होता है और कौन-सा असुरक्षित। यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें असहज महसूस कराए या अनुचित स्पर्श करे तो उन्हें तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या किसी विश्वसनीय बड़े व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

इस सत्र में बच्चों ने अनेक सवाल भी पूछे, जिनका बबिता शर्मा ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया। उन्होंने बच्चों को सिखाया कि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहें। किसी भी गलत परिस्थिति में "ना" कहने का साहस रखें और अपनी बात खुलकर व्यक्त करें। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ खेलकूद गतिविधियों का भी आयोजन किया, जिससे बच्चों और स्वयंसेवकों के बीच आपसी संवाद और आत्मीयता बढ़ी।

शिविर के समापन अवसर पर बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया तथा डॉ. सुशील कुमार ठाकुर, रजिस्ट्रार, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत कुमार शर्मा ने शिविर के सफल आयोजन के लिए प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता देवी तथा ग्राम प्रधान धीरेंद्र प्रताप सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने भी एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा समाज के प्रति किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को मजबूत करते हैं।

## सिटी डायरी



### बरेली में फिल्म 'ना जाने कौन आ गया' की स्पेशल स्क्रीनिंग

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के फीनिक्स मॉल स्थित आईनॉक्स पीवीआर में हिंदी फिल्म 'ना जाने कौन आ गया' की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की गई। इस मौके पर फिल्म के कलाकारों और मेकर्स के साथ शहर की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम में बरेली के मेयर डॉ. उमेश गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सोनल गौतम भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। फिल्म के मुख्य कलाकार जतिन सरना और मधुरिमा रॉय, निर्देशक विकास अरोड़ा तथा निर्माता पूजा अरोड़ा ने मीडिया और दर्शकों के साथ फिल्म को लेकर बातचीत की। बरेली के स्थानीय फिल्ममेकर विकास अरोड़ा द्वारा निर्देशित यह फिल्म रिश्तों और मानवीय भावनाओं को एक अलग और यथार्थवादी नजरिए से प्रस्तुत करती है।




### फीनिक्स यूनाइटेड बरेली की 14वीं वर्षगांठ बनेगी ग्रहकों के लिए खास

**संवाददाता, बरेली :** फीनिक्स यूनाइटेड बरेली का शानदार 14वां स्थापना उत्सव शुरू हुआ। इस अवसर पर 7 से 31 मार्च तक चलने वाले विशेष सेलिब्रेशन में ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर और उपहार रखे गए हैं, जिससे खरीदारी का अनुभव और भी खास बनेगा। फीनिक्स मिल्स के रीटेल डायरेक्टर (नॉर्थ) संजीव सरीन ने बताया, पिछले 14 वर्षों में फीनिक्स यूनाइटेड बरेली शहर के लोगों के लिए खरीदारी, मनोरंजन और परिवार के साथ समय बिताने का पसंदीदा स्थान बन गया है। स्थापना उत्सव के इस विशेष अवसर पर ग्राहकों के लिए कई रोचक गतिविधियां और ऑफर हैं, ताकि हर शॉपिंग यादगार बन सके। इस दौरान जो ग्राहक 11,999 रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करेंगे, उनके पास 32 इंच स्मार्ट एलईडी टीवी, प्रीमियम ब्रांडेड स्पीकर्स, ब्रांडेड रिस्ट वॉच, पैंटालून्स के गिफ्ट वाउचर और 5,000 तक के लगेज जैसे उपहार जीतने का मौका मिलेगा।




### हिंदू नववर्ष पर 20 से तीन दिवसीय सनातन नववर्ष महोत्सव मेला

**बरेली, अमृत विचार :** सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से तीन दिवसीय सनातन नववर्ष महोत्सव का आयोजन 20 मार्च से बरेली क्लब मेला मैदान पर किया जाएगा। यह आयोजन सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराओं और सामाजिक समरसता के प्रसार को समर्पित होगा। मेले का शुभारंभ 20 मार्च को वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। उद्घाटन अवसर पर प्रसिद्ध गायिका अभिलिप्सा पांडा भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगी। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पारंपरिक स्टॉल, बच्चों के झूले और खानपान की विशेष व्यवस्था रहेगी। 21 मार्च को शाम 7 बजे से कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें डॉ. हरिओम पवार, सरदार प्रताप फौजदार सहित कई कवि काव्य पाठ करेंगे। समापन दिवस पर 22 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित होंगे, जिसमें भजन गायक रवि पंडित प्रस्तुति देंगे। मेले में संस्कृत ज्ञान परीक्षा, लकी ड्रॉ और व्रत की विशेष थाली जैसी आकर्षक व्यवस्थाएं भी रहेंगी।



### भारतीय एसेंशियल ऑयल्स की वैश्विक शक्ति : गौरव मित्तल

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली की कंपनी एरोमैटिक एंड अलाइड ने मुंबई में वर्ल्ड अरोमा इंग्रीडिएंट्स एंड कांग्रेस एक्सपो में भारतीय एसेंशियल ऑयल्स की शक्ति को प्रस्तुत किया। कंपनी के प्रबंध निदेशक गौरव मित्तल ने बताया कि भारत के प्राकृतिक, ऑर्गेनिक और आयुर्वेदिक उत्पाद न केवल टिकाऊ हैं, बल्कि विश्वभर में लोगों के स्वास्थ्य और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अरोमा मिशन के बारे में भी बताया जो किसानों को सशक्त बनाने, ग्रामीण आजीविका बढ़ाने और भारत को अरोमेटिक फसलों व एसेंशियल ऑयल्स के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री मित्तल ने भारतीय एसेंशियल ऑयल्स और वेलनेस उद्योग की वैश्विक क्षमता और बढ़ती मांग पर प्रकाश डाला।

### जरूरतमंदों के लिए भोजन की व्यवस्था करना सौभाग्य

**बरेली, अमृत विचार :** नर सेवा को ही नारायण सेवा मानने वाली सामाजिक संस्था सृजन वेलफेयर ने मंगलवार को परसाखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित हनुमान मंदिर परिसर में नि:शुल्क अन्न सेवा शिविर का आयोजन किया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों श्रमिकों, जरूरतमंदों और राहगीरों को भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना और मुख्य अतिथि सौरभ कुमार अग्रवाल ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना और भोग लगाकर किया।